## आकाशवाणी केन्द्र शिमला
## 06.12.2025/प्रादेशिक समाचार/0920बजे

### मुख्य समाचार

- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने मूल्यों और आधुनिकता में संतुलन बनाए रखने का विद्यार्थियों से किया आह्वान।
- भारत रत्न डॉक्टर भीम राव आंबेडकर की पुण्यतिथि पर प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन–शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू डॉक्टर आंबेडकर को करेंगे नमन।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप व्यवस्था परिर्वतन के नाम पर सत्ता में आई कांग्रेस सरकार कर रही व्यवस्थाओं का पतन।
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ऊना जिला के ग्रामीण इलाकों के लोगों के लिए बनी वरदान।

और

- प्रदेश में शुष्क ठंड का दौर जारी–एक दर्जन शहरों का न्यूनतम तापमान पहुंचा 5 डिग्री से नीचे।

### राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने विद्यार्थियों से मूल्यों और आधुनिकता में संतुलन बनाए रखने का आहवान किया है। वे राजकीय कन्या महाविद्यालय शिमला के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि भारत आज आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है और देश की बेटियां भी राष्ट्र की प्रगति में बढ़चढ़ कर अपना योगदान दे रही है। उन्होंने छात्राओं से नई तकनीकें सीखने, नवाचार और शोध को अपनाने और राष्ट्र प्रथम की भावना को अपनाने का आग्रह किया। राज्यपाल ने महाविद्यालय द्वारा नशे के दुष्प्रभावों के प्रति चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्मों को सराहा।

### महापरिनिर्वाण दिवस

राष्ट्र आज भारतीय संविधान के शिल्पकार और भारत रत्न डॉ. भीम राव आंबेडकर को उनकी 70वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। यह दिन महापरिनिर्वाण

दिवस के रूप में मनाया जाता है। डॉ. आंबेडकर भारतीय संविधान के मुख्य निर्माता थे। इस अवसर पर देश भर में आज कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राजधानी शिमला के चौड़ा मैदान में भारत रत्न डॉक्टर भीम राव आंबेडकर की पुण्यतिथि पर एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसी तरह प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में डॉ. आंबेडकर की पुण्यतिथि पर पार्टी अध्यक्ष विनय कुमार की अध्यक्षता में कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे।

इस बीच नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने संविधान निर्माता डॉक्टर भीम राव आंबेडकर को महापरिनिर्वाण दिवस पर नमन करते हुए कहा है कि उनके विचार आज भी हर भारतीय को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा है कि बाबा साहिब ने हमें वो संविधान दिया जिसमें समानता, न्याय व अधिकारों की नींव रखी। रितेश/योगराज

**जयराम**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि व्यवस्था परिर्वतन के नाम पर सत्ता में आई कांग्रेस सरकार ने व्यवस्थाओं का पतन कर दिया है। एक बयान में उन्होंने कहा है कि प्रदेश के लोग ईलाज के लिए तरस रहे हैं और सरकार विपक्ष के खिलाफ प्रचार करने पर करोड़ रुपये खर्च कर रही है। जयराम ठाकर ने कहा कि यह सरकार धारा 118 के बहाने प्रदेश के हितों को बेचना चाहती है और मित्रमंडली द्वारा प्रायोजित हिमाचल फॉर सेल की योजना प्रदेश के हित में नहीं है। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार विधानसभा में जबाव देने के बजाए पिछले तीन साल से सूचनाएं एकत्र करने नाम पर झूठ बोलती है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई में विपक्ष सरकार के साथ खड़ा है।

**पीएमजीएसवाई**

केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने ग्रामीण इलाकों को सड़क यातायात से जोड़ने के लिए एक अहम भूमिका निभाई है। योजना के पहले तीन चरणों में वर्ष 2000 से 2025 के दौरान ऊना जिला में कुल 2 सौ 44 परियोजनाओं को मंजूरी मिली थी। इनमें से लगभग 5 सौ 50 करोड़ रुपये की लागत से 2 सौ 15 परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे ऊना जिला संवाददाता———

*प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से ऊना जिला की ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क संपर्क बढ़ाने से शिक्षा स्वास्थ्य बाजार एवं अन्य सार्वजनिक सेवाओं तक पहुंच में उल्लेखनीय सुधार हुआ है इससे ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता में सकारात्मक बदलाव आया योजना के चौथे एवं अंतिम चरण में गुना जिला में 11 करोड रुपए की लागत से 12 किलोमीटर लंबी कर नई सड़कों का निर्माण प्रस्तावित है इन सभी सड़कों के लिए केंद्र से मंजूरी मिल गई है योजना का उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में सड़कों की दाल को सुदृढ़ बनाना और लोगों को बेहतर और सुरक्षित सड़क यातायात उपलब्धि करवाना है*

**आकाशवाणी के लिए ऊना से राजेश शर्मा**

**भूकम्प**

चम्बा में कल रात 11 बजकर 36 मिनट पर भूकम्प के हल्के झटके महसूस किए गए। रियेक्टर पैमाने पर भूंकम्प की तीव्रता 3 दशमलव 6 मापी गई है। भूकम्प के झटके महसूस होने पर लोग घरों से बाहर निकल आए, हालांकि इससे किसी प्रकार की जानमान के नुकसान का कोई समाचार नहीं है।

**सिकंदर**

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने बताया कि उद्योग जगत और स्टार्टअप के बीच साझेदारी व विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में नवप्रयोग आधारित वृद्धि को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर कर रही है। राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार द्वारा संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इसका उददेश्य अन्य बातों के साथ–साथ मैटरिंग करना, अवसंरचना तक पहुंच प्रदान करना और फंडिंग नेटवर्क से जुड़ना है।

**अनुराग ठाकुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में शून्य काल के दौरान कांगड़ा जिला के पौंग बांध विस्थापितों को स्थापित करने का मामला उठाया। उन्होंने पौंग बांध विस्थापितों के शीध्र पुर्नवास के लिए जलशक्ति मंत्रालाय व गृह मंत्रालय के नेतृत्व में एक इंटर मिनिस्ट्रियल और राजस्थान व हिमाचल सरकारों के बीच समिति गठित करने की मांग की। सदन में अनुराग सिंह ठाकुर के वक्तव्य का कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र से सांसद राजीव भारद्वाज ने भी समर्थन किया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि 50 वर्ष पहले तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा कांगड़ा में पौग बांध बनाने के लिए तीन सौ 39 गांवों के 20 हजार से ज्यादा परिवारों के विस्थापितों को राजस्थान में जमीन के आबंटन का वायदा अभी भी अधूरा है। उन्होंने इन विस्थापितों की समस्या का जल्द समाधान करने की सरकार से मांग की।

## मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में मौसम आमतौर पर साफ बना हुआ है और लोगों को शुष्क ठंड का सामान करना पड़ रहा है। हालांकि जनजातीय क्षेत्रों में तापमान में गिरावट और मैदानी क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर कोहरा पड़ने से ठंड में भी वृद्धि दर्ज की जा रही है। राज्य के एक दर्जन शहरों का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार ने बताया कि 7 दिसम्बर को प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की वर्षा व बर्फबारी की संभावना है।

*6 तारीख को फिर से मौसम साफ रहेगा इवन हाईट्स को भी इंकलुड करके 7 तारीख को फिर से हल्का डब्लू रहेगा परन्तु जिसका जो प्रभाव है देखिए जैसे अभी वर्तमान लाहौल स्पिति डिस्टिक्ट चम्बा, कुल्लू व किन्नौर है वहीं संभावन है कि 7 तरीख को ही हाईरिचीज में क्लाउंडिग के साथ हल्की बारिश के साथ बर्फबारी हो सकती है इसके बाद 8 तारीख से पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहेगा।*

## सुर्खियां समाचार पत्रों से ........

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा विधानसभा में दिए गए बयान की ख़बर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला का शीर्षक है–**हिमकेयर में बड़ा घोटला, आयुष्मान योजना में केंद्र के बजट से ही करेंगे इलाज।** दैनिक भास्कर व हिमाचल दस्तक की एक जैसी सुर्खी है–**हिमकेयर योजना में बडे पैमाने पर हुए घोटाले की जांच की जाएगी** । आपका फैसला के मुताबिक –**चिट्टा के खिलाफ एकजुट हुए सत्ता पक्ष और विपक्ष, परिसर में की नारेबाजी।**

दैनिक जागरण का शीर्षक है–**कैग ने अधिकारियों की सुस्ती पर उठाए गंभीर प्रश्न** जबकि पंजाब केसरी लिखता है– **इस वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा जी.एस.डी.पी. का 4 दशमलव 7–4 फीसदी रहने का अनुमान।**

दैनिक जागरण लिखता है–**प्रदेश में पंचायत चुनाव के लिए नहीं हो पाएगा वार्डों का परिसीमन।**